कक्षा : 3

2. हिंदी (प्रथम भाषा)

मौखिक अभिव्यक्ति :

विद्यार्थी :

1 अपने साथियों या बड़ों से बातचीत करते समय शिष्ट शब्दावली का प्रयोग करें:

2 याद की हुई कहानी या कविता को प्रभावशाली ढंग से सुना सके:

3 सुनी या पढ़ी हुई कहानियाँ अपने शब्दों में ठीक तरह से सुना सके।

4 निजी अनुभवों को कहानी के रूप में सुना सके:

5 आँखों देखी घटनाओं का वर्णन कर सके:

6 साधारण और स्पष्ट भाषा में नित्य-प्रति के कामों के बारे में बता सके:

7 उचित ठहराव और हाव-भाव प्रकट करने वाले बोली के ढंगों, विराम-चिह्नों आदि का प्रयोग करते हुए बोली के मानक रूप का प्रयोग कर सके।

पढ़ाई :

1 उचित उच्चारण, ठहराव और बल आदि के साथ पाठ्य-पुस्तक के अनुच्छदों को ऊँचा बोलकर पढ़ सकें:

2 चुपचाप मुँह में पढ़ सकें:

3 एक या दो पूरक-रीडर पढ़ने के योग्य हो सकें:

4 200 से 250 तक नए शब्द सीख सकें:

लिखाई : विद्यार्थी में निम्नलिखित योग्यताओं का विस्तार करना :

1 साधारण शब्दों और वाक्यों को पाठ्य -पुस्तक में से चुनकर लिखना:

2 परिचित वाक्यों में खाली स्थानों की पूर्ति करना

3 नए शब्द बनाना

4 नए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना:

5 दैनिक जीवन में घटित घटनाओं को साधारण वाक्यों में लिखना:

6 व्यावहारिक व्याकरण का ज्ञान प्रदान करना

7 मेरा घर, मेरा अध्यापक, मेरा मित्र, मेरा स्कूल, मेरी गाय से सम्बन्धित विषयों के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें छोटे-छोटे क्रमबद्ध वाक्यों में लिखना।

पाठ्य-पुस्तक : हिंदी पुस्तक-3

(पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रकाशित)